शनिवार

25 फरवरी, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




भोजपुर में पुलाव व आलू-चना की सब्जी खाने से दो दर्जन स्कूली बच्चे बीमार 2



## खबरें फटाफट

### पीरियड्स से जुड़ी याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** महिला कर्मचारियों और छात्राओं को हर महीने मासिक धर्म (पीरियड्स) से जुड़ी तकलीफों के लिए छुट्टी देने का प्रावधान बनाने पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने मना कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि यह एक नीतिगत मसला है। इसके लिए महिला और बाल विकास मंत्रालय को ज्ञापन दिया जाना चाहिए।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व जज पर केस

**प्रयागराज।** सीबीआई ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज नारायण शुक्ला और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ नया केस दर्ज किया है. ये केस 2014 और 2019 के बीच आय से ज्यादा संपत्ति के मामले में दर्ज हुआ है। सीबीआई की जांच में ये पाया गया कि जस्टिस शुक्ला के काले धन को दो ट्रस्टों, एक संस्था और रियल एस्टेट कंपनियों के जरिए सफेद किया गया। जस्टिस शुक्ला पर 2.5 करोड़ रुपये से ज्यादा इनकम के कई सबूत हाथ लगे हैं।

### पूर्व मध्य रेल के चीफ कंट्रोलर गिरफ्तार

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में रेलवे के चीफ कंट्रोलर अभय कुमार के ऑफिस समेत कई ठिकानों पर सीबीआई की टीम ने छापेमारी की। अभय कुमार ने ग्रुप डी में नौकरी देने के नाम पर लाखों रुपए लिए थे। सीबीआई ने अफसर को गिरफ्तार कर लिया है। रेड से रेल मुख्यालय में हड़कंप मच गया।

### असिस्टेंट प्रोफेसर की बहाली रिकैल्कुलेट होगी

**पटना।** पटना हाईकोर्ट ने बिहार के 13 विश्वविद्यालयों में होने वाली असिस्टेंट प्रोफेसर की बहाली को रिकैल्कुलेट करने को कहा हैं। मिली जानकारी के अनुसार पटना हाईकोर्ट में जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा ने बिहार में असिस्टेंट प्रोफेसर की बहाली के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला 10 जनवरी 2023 को सुरक्षित रख लिया था। उसी मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाया गया है। हालांकि जिन विषयों में ज्वाइनिंग करा दी गई है, उन विषयों से जुड़े अभ्यर्थियों को राहत दी गई हैं।

# बोले पीएम... वो कहते हैं मोदी तेरी कब्र खुदेगी, देश कह रहा कमल खिलेगा

**एजेंसी/शिलांग**

पूर्वोत्तर फतह के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दिल्ली में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की गिरफ्तारी के बाद लगे 'कब्र खुदेगी' के नारों का जिक्र किया। मेघालय विधानसभा चुनाव के लिए 27 फरवरी को मतदान होगा। 2 मार्च को मतगणना होगी। दरअसल, गुरुवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर खेड़ा को हवाई जहाज से उतारे जाने के बाद कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन किया था। सामने आए वीडियो में सुना जा सकता है कि कांग्रेस नेता 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' के नारे लगा रहे हैं। इससे पहले खेड़ा ने पीएम मोदी के नाम में 'गौतमदास' जोड़कर भी विवाद खड़ा कर दिया था।



### कांग्रेस को मेघालय की याद सिर्फ चुनाव के दौरान ही आती थी, ये आपके हक का पैसा लूट लेते थे...

शिलांग में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस को तो मेघालय की याद सिर्फ चुनाव के दौरान ही आती थी। ये आपके हक का पैसा लूट लेते थे। कांग्रेस के लिए मेघालय एटीएम है। उन्होंने कहा कि बीजेपी जाति-धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करती। कहा, हमारी सरकार केरल के ईसाई घर्म की नर्स को इराक से आतंकवादियों के कब्जे से बचाकर लाई। हमने ईसाई धर्म सहित हर किसी के लिए काम किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, कि मेघालय सहित पूरे नॉर्थ-ईस्ट के विकास के लिए हमने पुरानी सोच और अप्रोच को बदल दिया है। कांग्रेस की सरकारों ने इस हिस्से को देश का आखिरी हिस्सा मान लिया था जबकि बीजेपी नॉर्थ-ईस्ट को देश के विकास का ग्रोथ इंजन मानती है। उन्होंने दावा किया कि कुछ राजनीतिक दलों को लग रहा है कि जब तक मोदी जिंदा है तब तक हमारा कुछ होने वाला नहीं है। इस कारण वो हताश और निराश है। कुछ पार्टी मोदी के मरने का इंतजार कर रहे हैं। कुछ दल मोदी की कब्र खोद रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मेघालय में बीजेपी सरकार यानी- घोटालों और करप्शन से मुक्ति है। राज्य में बीजेपी सरकार यानी- गरीबों को पक्का घर, बिजली और पानी देने वाली सरकार है। मेघालय में बीजेपी सरकार यानी- यहां की महिलाओं, बहनों और बेटियों की दिक्कत कम करने वाली सरकार। यह सब देखकर यहां के लोगों ने तय किया कि दिल्ली और शिलॉन्ग दोनों जगहों पर बीजेपी सरकार होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार ने बीते 9 वर्षों में नॉर्थ-ईस्ट के बजट में बहुत अधिक बढ़ोतरी की है।

### समावेशी एजेंडा बनाकर ही वैश्विक आर्थिक नेतृत्व दुनिया का विश्वास वापस जीत पाएगा: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जी-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की पहली बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कई देश विशेष रूप से विकासशील अर्थव्यवस्थाएं अभी भी कोरोना महामारी के दुष्परिणामों का सामना कर रही हैं। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव को भी देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ऐसे समय पर वैश्विक वित्त और अर्थव्यवस्था के नेतृत्व का प्रतिनिधित्व कर रहा है जब दुनिया गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि समावेशी एजेंडा बनाकर ही वैश्विक आर्थिक नेतृत्व दुनिया का विश्वास वापस जीत पाएगा। भारतीय उपभोक्ता और निर्माता भविष्य को लेकर आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा कि भारत सकारात्मक भावना को वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रसारित करने में सक्षम होगा। उन्होंने अपील की है कि इस बैठक में दुनिया के सबसे कमजोर नागरिकों पर चर्चा होनी चाहिए। डिजिटल पेमेंट सिस्टम के बारे में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, पिछले कुछ सालों में हमने एक अत्यधिक सुरक्षित, विश्वसनीय और कुशल सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचा बनाया है। हमारे डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम ने शासन, वित्तीय समावेशन और जीवन में आसानी को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के जी-20 प्रेसीडेंसी के दौरान, एक नया फिनटेक प्लेटफॉर्म बनाया गया है जो हमारे वैश्विक जी-20 मेहमानों को भारत के डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म वढकका इस्तेमाल करने की अनुमति देता है।

**सीएम नीतीश की अध्यक्षता में बिहार कैबिनेट की बैठक में 27 एजेंड़ों पर लगी मुहर**

# विशेष शिक्षक के 270 पदों के सृजन की सरकार ने दी स्वीकृति

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार कैबिनेट की बैठक शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई। इसमें 27 एजेंड़ों पर मुहर लगी। कैबिनेट की बैठक में राज्य के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में समावेशी शिक्षा के तहत विशेष आवश्यकता वाले छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक अनुसमर्थन प्रदान कराने के उद्देश्य से विभिन्न दिव्यांगता के प्रशिक्षित विशेष शिक्षक के कुल 270 पदों के सृजन को स्वीकृति मिली है। नालंदा खुला विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों के निर्माण के लिए 120 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। बैठक में मेसर्स चन्द्रिका पॉवर प्राइवेट लिमिटेड फतेह अली नालंदा को बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नियमावली-2016 के नियम-7 के उप नियम ( 2 ) (iv) के आलोक में 60 KLPD क्षमता के ग्रेन बेस्ड ईथेनॉल ईकाई की स्थापना हेतु रुपए 7992 लाख के वित्तीय प्रोत्साहन क्लीयरेंस की स्वीकृति दी गयी है।

बैठक में राज्य के सभी सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं सुपरस्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु नामांकन एवं अन्य शुल्कों में एकरूपता लाने हेतु नामांकन एवं अन्य शुल्कों का पुनर्निर्धारण तथा राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, नई दिल्ली के प्रावधानों के अनुरूप निजी चिकित्सा महाविद्यालय एवं डीम्ड विश्वविद्यालयों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के 50% सीटों पर नामांकन एवं अन्य शुल्क सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए निर्धारित शुल्क के अनुरूप किये जाने को स्वीकृति दी है. बिहार राज्य मानसिक स्वास्थ्य एवं सहबद्ध विज्ञान संस्थान नियमावली, 2005 के नियम -4 में संशोधन को भी स्वीकृति मिली है।



### उत्कृष्ट खिलाड़ियों की होगी सीधी नियुक्ति

बिहार में अब उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति होगी। विधानमंडल के सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक, उप मुख्य सचेतक, सचेतक और विरोधी दल के मुख्य सचेतक को यात्रा के लिए एचओआर की सुविधा मिलेगी। बिहार विधानमंडल के सामान्य सदस्यों के अनुमान्य रेल-विमान यात्रा की सुविधा में से एक विकल्प चयन के लिए बिहार विधान मंडल नेता विरोधी दल, संसदीय सचिव, सचेतक और सदन नेता नियमावली 2006 के नियम 3 में स्पष्टीकरण किया गया है।

### कोहरा एवं शीतलहर की पूर्व सूचना के लिए अमेरिका से होगा करार

बिहार में कोहरा एवं शीतलहर के अर्ली वार्निंग सिस्टम विकसित करने को लेकर नेशनल सेंटर फॉर एटमॉस्फेरिक रिसर्च संयुक्त राज्य अमेरिका से इकरारनामा करने की स्वीकृति दी गई। तकनीकी सहायता के लिए 50000 यूएस डॉलर भुगतान की स्वीकृति दी गई है। मॉडल विधायक आवासन परियोजना के तहत 423 करोड़ 70 लाख की लागत से बाकी बचे 201 आवासों को पूर्ण करने के लिए 629 करोड़ 6 लाख 70 हजार रु राशि की वित्तीय पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। एसएफसी को अप्रैल 2022 से नवंबर 2022 तक की राज्यांश की राशि 455 करोड़ 54 लाख विमुक्त करने की स्वीकृति दी गई है। भोजपुर जिले के पीरो अनुमंडल व्यवहार न्यायालय के लिए कोर्ट भवन, आवासीय भवन निर्माण को लेकर 6 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए 49 करोड़ 20 लाख 30 हजार रु की स्वीकृति दी गई है। बिहार गजेटियर शोध पदाधिकारी सेवा संवर्ग का पुनर्गठन-पद सृजन की स्वीकृति दी गई है।

# सात जजों के जीपीएफ मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और बिहार सरकार से मांगा जवाब

**एजेंसी/नई दिल्ली**

पटना हाईकोर्ट के 7 जजों का जनरल प्रोविडेंट फंड खाता बंद किए जाने के मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया। कोर्ट ने जजों की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और बिहार सरकार से जवाब मांगा है। इसी के साथ, पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज से मामले को देखने और इस मुद्दे पर निर्देश लेने को कहा। इस मामले में अब अगली सुनवाई 3 मार्च को होगी।

7 जजों ने याचिका दायर कर कहा है कि उनके जनरल प्रोविडेंट खाते राज्य सरकार ने बंद किए हैं। इससे रिटायरमेंट के बाद मिलने वाले लाभ को लेकर अनिश्चितता हो गई है। याचिकाकताओं के वकील प्रेम प्रकाश ने 21 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि जजों का जीपीएफ अकाउंट बंद कर दिया है।

**क्या है मामला :** दरअसल, बिहार सरकार ने कुछ दिनों पहले एक आदेश जारी किया है। इस आदेश में कहा गया था कि पटना हाई कोर्ट के 7 जजों के जीपीएफ खातों को बंद कर दिया जाए। सरकार ने ये तर्क दिया कि जजों के जीपीएफ खाते इसलिए बंद किए गए, क्योंकि न्यायिक सेवा में उनकी नियुक्ति वर्ष 2005 के बाद हुई है।

**किन जजों ने दाखिल की याचिका:** याचिका जस्टिस शैलेंद्र सिंह, जस्टिस अरुण कुमार झा, जस्टिस जितेंद्र कुमार, जस्टिस आलोक कुमार पांडेय, जस्टिस सुनील दत्त मिश्रा, जस्टिस चंद्रप्रकाश सिंह और जस्टिस चंद्रशेखर झा ने दाखिल की है। बता दें कि इन जजों को अप्रैल 2010 में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था।






**नवा रायपुर में आयोजित कांग्रेस के 85वां महाधिवेशन के पहले दिन हुई स्टीयरिंग कमेटी की बैठक**

# फैसला... कांग्रेस वर्किंग कमेटी का नहीं होगा चुनाव

**एजेंसी/रायपुर**

छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में शुक्रवार से आयोजित कांग्रेस के 85वां महाधिवेशन के पहले दिन स्टीयरिंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक के बाद कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि सीडब्लूसी यानि कांग्रेस वर्किंग कमेटी के चुनाव नहीं कराने का निर्णय लिया गया है। कांग्रेस संगठन में पदों के मनोनयन का अधिकार राष्ट्रीय अध्यक्ष को दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया है कि इस महाधिवेशन में पार्टी संविधान के 16 प्रावधानों और 32 नियमों में संशोधन किया जाएगा।

जयराम रमेश ने स्टीयरिंग कमेटी की बैठक के बाद पूरे महाधिवेशन को लेकर जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार शाम को सब्जेक्ट कमेटी की बैठक होगी। बैठक में 6 प्रस्तावों पर चर्चा होगी। उस पर विचार होगा। उसको मंजूरी दी जाएगी। फिर 25 और 26 इन विषयों पर चर्चा होगी। 25 फरवरी को सुबह 10.30 बजे प्रीलिमिनरी सेशन को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे संबोधित करेंगे। इसके बाद 11 या 11.15 बजे पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को सेशन को संबोधित करेंगी।




### आज तीन प्रस्ताव पर होगी चर्चा

25 फरवरी को सोनिया गांधी के भाषण के बाद तीन प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी। जिसमें राजनीतिक, विदेशी और आर्थिक मामलों से जुड़े प्रस्ताव पर चर्चा होगी। 26 जनवरी को कृषि, युवा शिक्षा और रोजगार, सामाजिक न्याय प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इसके बाद 26 जनवरी को ही सुबह 10.30 बजे राहुल गांधी गांधी प्रीलिमिनरी सेशन को संबोधित करेंगे। 2 बजे कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे का अंतिम भाषण होगा। फिर 3 बजे जनसभा होगी। जिसे राहुल संबोधित करेंगे।

**चुनाव नहीं कराने का फैसला:** जयराम रमेश ने कहा कि सर्व सम्मति से फैसला लिया गया कि कांग्रेस अध्यक्ष को यह अधिकार दिया जाए कि वह कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्यों को मनोनीत करें। एक तो जो राजनीति हालात देश में हैं। उसकी एक मिसाल कल देखने को मिली है। राजनीतिक चुनौतियां हैं, देश के सामने और विपक्ष की पार्टी होने के नाते, देश की स्थिति के कारण ये फैसला लिया गया है।

## खबरें फटाफट

### करंट लगने से 10 वर्षीय बच्चे की मौत

**आरा।** भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र के सेदहां गांव स्थित मिडिल स्कूल के समीप गुरुवार की देर शाम करंट की चपेट में आने से एक बालक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत बालक तरारी थाना क्षेत्र के सेदहां गांव वार्ड नंबर 4 निवासी सत्येंद्र चौधरी का 10 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार है। इधर, मृत बालक के चचेरे भाई देवमुनी चौधरी ने बताया कि उसकी बकरी गांव में स्थित मिडिल स्कूल के समीप बधार में चरने गई थी। गुरुवार की देर शाम वह अपनी बकरी को लाने के लिए बधार में गया था। जहां बोरिंग का विद्युत प्रवाहित तार गुजर रहा था। उसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद वहां मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना मृत बालक के परिजनों को दी। सूचना पाकर मृत बालक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी।

### बाइक की टक्कर से बच्ची की मौत

**आरा।** भोजपुर के बिहिया थाना क्षेत्र के बहोरनपुर ओपी अंतर्गत गौरा गांव स्थित श्याम बाबा बांध के पास गुरुवार की देर शाम बाइक सवार ने सड़क किनारे जा रही एक बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृत बच्ची बिहिया थाना क्षेत्र के बहोरनपुर ओपी अंतर्गत गौरा गांव वार्ड नंबर 8 निवासी अक्षय लाल चौधरी की 8 वर्षीया पुत्री संध्या कुमारी है। मृत बच्ची की बहन चंद्रावती ने बताया कि उसकी बड़ी बहन संजुतिया देवी अपने मायके गौरा गांव आई थी और गुरुवार की देर शाम वापस लौट रही थी। उसी को छोड़ने के लिए सभी लोग श्याम बाबा बांध के समीप जा रहे थे। उसी दौरान बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी।

# भोजपुर में पुलाव व आलू-चना की सब्जी खाने के बाद दो दर्जन स्कूली बच्चे बीमार

- जिले के पीरो प्रखंड के भुलुकुआं गांव स्थित मिडिल स्कूल की है घटना
- घटना के बाद सड़क पर उतरे बच्चों के अभिभावक, रोड किया जाम

**केटी न्यूज/आरा**





जिले के पीरो प्रखंड के भुलुकुआं गांव स्थित मिडिल स्कूल में शुक्रवार को एमडीएम खाने के बाद करीब दो दर्जन बच्चे बीमार हो गए। शुक्रवार को एमडीएम उपलब्ध कराने वाली एनजीओ की ओर से खाने में बच्चों को पुलाव व आलू-चने की सब्जी परोसी गयी थी। उसे खाने के बाद इन बच्चों को तबीयत बिगड़ गयी। इन सभी बच्चों को उल्टी और दस्त की शिकायत है, जिनका इलाज पीरो सीएचसी में कराया जा रहा है। इधर, एक साथ दो दर्जन बच्चों के बीमार पड़ने की सूचना से उनके अभिभावकों से प्रशासन तक में सनसनी मच गयी। घटना के बाद बीमार बच्चों के परिजन एनजीओ पर घटिया खाना देने का आरोप लगाते हुए सड़क पर उतर गये। गुस्साए परिजनों द्वारा एनजीओ के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर अभिभावकों की ओर से बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे को जाम कर दिया गया। उस दौरान परिजनों द्वारा हंगामा और नारेबाजी भी की गयी। उसके कारण काफी देर तक अफरातफरी मची रही।

**एसडीओ ने मामले की जांच करने का दिया आदेश:** सूचना मिलने पर पीरो एसडीओ अमरेंद्र कुमार और एसडीपीओ राहुल सिंह अन्य अफसरों के साथ जामस्थल पर पहुंचे। उसके बाद सड़क जाम कर रहे अभिभावकों को समझाया गया। इधर, एसडीओ की ओर से बीईओ को पूरे मामले की जांच करने का आदेश दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ ने कहा कि नियमानुसार स्कूल के हेडमास्टर द्वारा जांच करने के बाद ही बचचों को भोजन देना है। इसका पालन नहीं किया जा रहा है। स्कूल के हेडमास्टर द्वारा एमीडीएम का टेस्ट कर लिया गया होता, तो ऐसी घटना नहीं होती। इस संबंध में भी सभी स्कूलों के हेडमास्टर को निर्देश जारी किया गया है। वहीं शिक्षा विभाग की मानें तो कुछ लोगों द्वारा बेवजह और जान-बुझकर ऐसा किया जा रहा है।

## चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव गांव की घटना, मामले की पड़ताल में जुटी पुलिस

# पैसे के लेनदेन के विवाद में मारपीट के बाद युवक को मारी गोली, हालत गंभीर





- जख्मी युवक का बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में चल रहा इलाज
- पुलिस ने कहा, गोली लगने की घटना की हो रही जांच

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव गांव में पैसे के विवाद में गुरुवार की रात एक युवक को गोली मार दी गयी। गोली उसके दाहिने हथेली में लगी है। उससे पहले युवक की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई भी कर दी गयी। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसका इलाज आरा के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक चरपोखरी थाना क्षेत्र के बालबांध गांव निवासी श्यामरथी राय का 24 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार है। मारपीट और गोली मारने का आरोप सेमरांव गांव के एक युवक सहित अन्य पर लगाया जा रहा है। इधर, रोहित कुमार ने बताया कि उसने पिछले साल फरवरी माह में सेमरांव गांव के मुन्ना सिंह को 25 हजार दिया था। गुरुवार को मुन्ना सिंह ने वह पैसे को देने के लिए उसे अपने गांव सेमरांव बुलाया। उस पर वह सेमरांव गांव पहुंचा, तो मुन्ना सिंह के साथ दो बाइक पर दो अन्य यवक भी थे। उसके बाद मुन्ना सिंह ने अपने साथियों के साथ उसे बोलेरो गाड़ी में बैठाकर अपने साथ सेमरांव गांव में ले गया। वहां चोर-चोर का शोर मचा कर उसकी लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी गयी। वह भागने लगा, तो मुन्ना सिंह द्वारा उसे गोली मार दी गयी।

सूचना मिलने पर स्थानीय चौकीदार पहुंचा, तब उसकी जान बची। उसके बाद पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए चरपोखरी सीएचसी ले जाया गया। वहां से उसे आरा रेफर कर दिया गया। इधर, घटना को लेकर गांव में कई तरह की चचाएं चल रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जख्मी युवक का सेमरांव गांव की एक महिला से अवैध संबंध था। उसके कारण ही मारपीट और फायरिंग की घटना को अंजाम देने की बात कही जा रही है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही हैं। पुलिस के अनुसार अभी तक आवेदन मिला है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वैसे मामले की हर एंगल से इसकी छानबीन की जा रही है।

### देसी कट्टे के साथ पकड़ाया युवक, पुलिस ने भेजा जेल

**जहानाबाद।** शहर के गांधीनगर मोहल्ले से देर रात पुलिस ने देसी कट्टे के साथ भाग रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया युवक सुशांत कुमार ऊंटा मोड़ का निवासी बताया जा रहा है। बताया जाता है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस को गुरुवार की रात गुप्त सूचना दी कि कोई अपराधी हथियार के साथ गांधी नहर मोहल्ले में जा रहा है। उसके बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच सूचक के बताए पते पर पहुंची और घेराबंदी कर डाली। इस बीच एक युवक पुलिस को दिखा। जवानों ने जब उसे रोकना चाहा तो वह उन्हें देख भागने लगा। जिसके बाद उन्होंने युवक को दौड़ कर पकड़ लिया। जहां उसकी तलाशी ली गई तो उसने अपनी कमर में प्लास्टिक से लपेट कर देसी कट्टा छुपा रखा था। जिसके बाद जवानों ने कट्टा जब्त करते हुए उसे गिरफ्तार करते हुए पूछताछ के लिए थाने ले आई। हालांकि, पुलिस मामले का खुलासा करने से बच रही है कि आखिर पकड़ा गया युवक हथियार के साथ देररात उक्त स्थान पर क्या रहा था। लेकिन, सूत्रों कि माने तो युवक किसी घटना को अंजाम देने के लिए ही हथियार के साथ जा रहा था। जिसे पुलिस ने अपनी सक्रियता से विफल कर दिया।

## एक नजर

### डीएम के जनता दरबार में अपनी फरियाद लेकर पहुंचे लोगों के मामले की हुई सुनवाई



**जहानाबाद।** शुक्रवार को जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया। जिसमें जिले के आमजनों के परिवादों की सुनवाई की गई। साथ ही, संबंधित पदाधिकारियों को उक्त परिवादों के निष्पादन हेतु आवश्यक निदेश दिया। जिलाधिकारी के जनता दरबार मे लगभग 88 परिवाद प्राप्त हुए। जिनमें भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत विभाग, धान अधिप्राप्ति, आईसीडीएस सहित अन्य कार्यालयों से संबंधित थे। परिवादियों की समस्याएं सुनी गई। साथ ही, जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार में आए सभी मामलों को विशेष रुप से ध्यान देते हुए ससमय निष्पादन करने का निर्देश सम्बंधित पदाधिकारियों को दिया गया। जिसके बाद जनता दरबार में प्राप्त परिवाद संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया। वहीं, कुछ मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को दूरभाष पर सूचित करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। वैसे मामले जो लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत आते हैं, उन्हें सुनवाई हेतु पंजीकृत किया गया और ऐसे मामले जो इसके अंतर्गत नहीं है उन पर कार्रवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन करने एवं प्रतिवेदन भेजने के लिए निर्देशित किया गया।

### सीबीआई, ईडी और आईटी के सहारे विपक्ष की आवाज दबा रही मोदी सरकार: डॉ. चंद्रिका

**जहानाबाद।** रायपुर में कांग्रेस के द्वारा आयोजित महाधिवेशन से ठीक पहले वहां ईडी की रेड पड़ना। अधिवेशन में दक्षिण भारत से रायपुर पहुंचने वाले कांग्रेस



कार्यकताओं की ट्रेन को रोकने और उसे विलंब करने का प्रयास करना। एआईसीसी के मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा को रायपुर जाने के दौरान फ्लाइट से उतारकर दिल्ली में गिरफ्तार करना। ये सभी घटनायें केंद्र सरकार की कुत्सित मानसिकता का परिचायक है। उक्त बातें प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस के पॉलिटिकल अफेयर कमिटी के सदस्य डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव ने कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की इन हरकतों से यह जाहिर होता है कि दिन प्रतिदिन कमजोर हो रही सरकार अपनी कमजोरी को छिपाने के लिए इस तरह का तानाशाही रवैया अख्तियार कर रही है। उन्होंने कहा कि कभी कांग्रेस तो कभी लालू प्रसाद यादव तो कभी ममता बनर्जी तो कभी अखिलेश यादव या फिर कोई अन्य विरोधी पार्टी के नेताओं पर सीबीआई और ईडी लगाकर केंद्र की तानाशाही मोदी सरकार यह चाहती है कि उनकी आवाज को दबा दें या बंद कर दें। लेकिन यह उनका भ्रम है। वो विपक्ष की आवाज को जितना भी दबाने का प्रयास करेंगे, हम उतना ही मुखर होकर अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे और उनकी एक एक करतूतों को जनता के बीच ले जाने का प्रयास करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जुल्मी जबतक जुल्म करेगा सत्ता के हथियारों से। चप्पा चप्पा गूंज उठेगा इंकलाब के नारों से। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के गृह मंत्री अमित शाह का बिहार दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जिस दिन महागठबंधन की भी पूर्णिया में रैली आयोजित है। ऐसे में उन्होंने आशंका व्यक्त की कि अमित शाह जी इस मौके पर जरूर ही कोई खेला करने आ रहे होंगे। लेकिन न तो कांग्रेस पार्टी उनके किसी खेला से डरने वाली है और न ही कोई अन्य विपक्षी दल। इनके किए जा रहे कृत्यों का जवाब जनता इन्हें 2024 में जवाब देगी। जब नरेंद्र मोदी की तानाशाही सरकार को केंद्र की सत्ता से उखाड़ फेंका जायेगा।

### शराब के धंधेबाज को सात वर्ष की सश्रम कारावास, एक लाख जुर्माना

**जहानाबाद।** विशेष उत्पाद न्यायालय द्वितीय सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, राकेश कुमार की अदालत ने दो शराब कारोबारी को दोषी पाते हुए सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा और दोनों अभियुक्तों को एक-एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं, जुमार्ना न देने पर छह महीने की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी । दोषी व्यक्ति पंजाब अमृतसर छिहाठा थाना क्षेत्र निवासी राम सिंह एवं तारसेम सिंह बताया जाता है। इस संबंध में विशेष उत्पाद न्यायालय के विशेष लोक अभियोजक प्रमोद कुमार ने बताया कि कलेर थाना पुलिस अवर निरीक्षक मन्ना सिंह कुंत्तिया अन्य पुलिस बल के साथ 21 अप्रैल 2021 को कलेर बाजार में वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच एक ट्रक आता दिखाई दिया जिसे रोकने पर ट्रक चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। संदेह होने पर गाड़ी का पीछा कर ग्राम दिलावरपुर राजधानी होटल के सामने रुकवा कर चालक सीट पर बैठे व्यक्ति एवं खलासी को कब्जे में लेकर ट्रक का तिरपाल खोल कर तलाशी ली। जिसमें भारी मात्रा में विदेशी शराब की बरामद हुई। जिनमें भिन्न-भिन्न साइज के बोतलों में रॉयल प्लेयर व्हिस्की 304 कार्टून सहित 10476 बोतल कुल 2678.76 लीटर विदेशी शराब बरामद कर जप्त किया गया। इस संबंध में पुलिस अवर निरीक्षक मन्ना सिंह कुंत्तिया द्वारा कलेर थाने में गिरफ्तार चालक एवं सह-चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। विशेष उत्पाद न्यायालय द्वितीय सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार की अदालत ने अभियुक्त को बिहार उत्पाद अधिनियम में दोषी पाते हुए सात वर्ष की सश्रम कारावास और एक-एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

## बिहिया में शौचालय की टंकी में गिरने से 8 वर्षीय बच्चे की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया राजा बाजार मोहल्ले में गुरुवार की देर शाम शौचालय की टंकी में गिर जाने से एक बालक की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। जानकारी के अनुसार मृत बालक थाना क्षेत्र के बिहिया राजा बाजार मोहल्ला निवासी रवि कुमार गुप्ता का 8 वर्षीय पुत्र भोलू कुमार है।

इधर मृत बालक के चाचा संजय प्रसाद ने बताया कि गांव में ही पड़ोसी का एक शौचालय का टंकी है जो खुला हुआ था। गुरुवार की देर शाम वह गांव के ही बच्चों के साथ बाहर खेल रहा था। खेलते-खेलते वह अचानक उसी खुले शौचालय की टंकी के पास चला गया और खेलने के दौरान वह उसमें गिर पड़ा। घटना के बाद बच्चे के माता-पिता और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सभी उस मनहूस समय को कोस रहे हैं जब बच्चा खेलने बाहर चला गया। उन्हें क्या पता था कि उसका बाहर खेलने जाना मौत लेकर आएगा। घटना ने यह सबक भी दिया है कि लापरवाही जानलेवा है।

## कोविड-19 वैश्विक महामारी के चैंपियंस सम्मानित

**केटी न्यूज/पटना**



कोविड 19 वैश्विक महामारी के संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करने के उदेश्य से राज्य में कोविड-19 टीकाकरण का कार्य दिनांक 16 जनवरी 2021 से विभिन्न चरणों में प्रारम्भ किया गया था। जिसके अंतर्गत राज्य के लक्षित लाभाथीयों के सफलतापूर्वक टीकाकरण एवं सराहनीय कार्य सम्पन्न किया जा रहा है। टीकाकरण के इस अभियान में स्वस्ति संस्था द्वारा स्टेट हेल्थ सोसाइटी एवं वित्तीय सहयोगी संस्था पैकर्ड के साथ काम किया है।

कोविड- 19 वैश्विक महामारी जैसी विकट परिस्थिति में सफलतापूर्वक कोविड- 19 टीकाकरण के कार्य को सम्पन्न करना काफी कठिन, चुनौतिपूर्ण एवं जोखिम से भरा कार्य है। जिसे स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न स्तर के कर्मियों व पदाधिकारियों के अथक प्रयास के कारण ही कराया जाना संभव हो सका है। टीकाकरण अभियान में स्थानीय स्तर से कोल्ड चैन हैंडलर, एएनएम एवं आशा दीदी की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही है।

इसी क्रम में राज्य के सभी जिलो से प्रतीक के रूप में चयनित कोल्ड चैन हैंडलर, एएनएम एवं आशा को राज्य स्तर पर राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के स्वास्थ्य सचिव सह-कार्ययालक निदेशक संजय कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही, उन्होंने क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत सभी कर्मियों के कार्यों की तथा उनके महत्वपूर्ण योगदान को सराहना की।

इस समारोह में राज्य प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंह तथा स्वस्ति के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पदाधिकारी सहित डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ, सीएचएआई, यूएनडीपी, पीसीआई, पैकर्ड फाउंडेशन, हीलिंग फील्ड फाउंडेशन, ग्राम वाणी, आईएसएपी तथा राज्य में कार्यरत सहयोगी संस्थानों के राज्यस्तरीय प्रतिनिधि सम्मलित हुए। स्वस्ति एक वैश्विक संगठन है जो कमजोर समुदायों के लिए 100 मिलियन हेल्थी दिन जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामूहिक दवा सेवन अभियान का अंतिम दिन, आज से चलेगा मॉप अप राउंड

# एमडीए अभियान में पीएसजी के सदस्यों की भूमिका रही अहम: लीलावती देवी

- आशा कार्यकताओं के साथ एमडीए में पीएसजी के सदस्य दवा का सेवन करने में कर रहे प्रेरित
- फ्रंटलाइन वर्कर्स ने माना पीएसजी के सदस्य का प्रयास रहा सार्थक

**केटी न्यूज/छपरा**



जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) अभियान का शुक्रवार को अंतिम दिन रहा। अब शनिवार से जिले के सभी प्रखंडों में एमडीए का मॉप अप राउंड शुरू होगा। जिसमें छूटे हुए लाभुकों को चिह्नित करते हुए फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जायेगा। अभियान के तहत आशा कार्यकताओं के साथ साथ पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्य भी लोगों को जागरूक करने और दवा खाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस क्रम में जिले के गरखा प्रखंड स्थित जलाल बसंत पंचायत में योग्य लाभुकों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जा रहा है। इस दौरान फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट ग्रुप की सदस्य राज कुमारी देवी, आशा कार्यकर्ता लीलावती देवी व मंजू देवी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लाभुकों को प्रेरित करने में जुटी रहीं। दवा का सेवन कराने के दौरान राज कुमारी देवी लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का लाभ व न खाने के कारण होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देती रहीं। जिसकी बदौलत पंचायत के अधिकांश लाभुकों ने दवाओं का सेवन किया।

**दवा के सेवन और साफ सफाई से फाइलेरिया को बढ़ने से रोका जा सकता है :** पीएसजी सदस्य राज कुमारी देवी ने पंचायत के लोगों को बताया कि फाइलेरिया के हांथी पांव के कारण उन्हें काफी परेशानी होती है। जब जब मौसम में बदलाव होता है, उस दौरान उनकी परेशानी बढ़ जाती है। यदि, उन्हें शुरूआत से ही फाइलेरिया की जानकारी होती तो आज उन्हें इस परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। एक बार जब फाइलेरिया हो जाता है, तब उसका कोई मुकम्मल इलाज नहीं। हां, नियमित दवाओं के सेवन और साफ सफाई से इसको बढ़ने से रोका जा सकता है। उन्होंने लाभुकों से अपील करते हुए कहा कि वो फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन अनिवार्य रूप से करें। जिससे यदि उनमें माइक्रो फाइलेरिया के परिजीवी हो तो उनको नष्ट किया जा सके।

**एमडीए में मिला सदस्यों का सहयोग :** एमडीए कार्यक्रम में लगी आशा कार्यकर्ता लीलावती देवी ने बताया, इस बार एमडीए अभियान में फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्यों का भरपूर सहयोग मिला है। पूर्व के दिनों में जब वो क्षेत्र में दवा खिलाने के लिए जाती थीं, तब कई लोग दवा खाने से मना कर देते थे। काफी समझाने के बावजूद भी वो दवा खाने के लिए राजी नहीं होते। लेकिन, इस बार एमडीए अभियान में पीएसजी सदस्यों का साथ अभियान की सफलता का मुख्य कारण रहा। जहां पर भी लोग दवा खाने में आनाकानी करते, वहां पीएसजी के सदस्य उन्हें फाइलेरिया की जानकारी देते रहे। जिसके बाद लाभुकों ने दवाओं का सेवन किया।

# पैदल मार्च निकाल महिलाओं ने बिजली, पानी और शौचालय के लिए उठाई आवाज

- पूर्व विधानसभा प्रत्याशी श्वेता पाठक के नेतृत्व में हुए मार्च में शामिल हुई ग्रामीण क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएं

**केटी न्यूज/बक्सर**

ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अब घुंघट की ओट से निकल अपने हक के लिए आवाज बुलंद करने लगी हैं। शुक्रवार को जिला मुख्यालय में इसकी बानगी देखने को मिली। जब बिजली, पानी व शौचालय जैसे मूलभूत सुविधाओं की बहाली के लिए इटाढ़ी प्रखंड के विभिन्न गांवों के सैकड़ो की संख्या में महिलाओं ने बक्सर के मुख्य सड़क पर पैदल मार्च निकाला। यह मार्च मुख्य पथ होते हुए समाहरणालय पहुंचा जहां महिलाओं ने डीएम से मिल अपना



मांग पत्र सौंपा तथा उसके शीघ्र निष्पादन की बात कही। इस रैली का नेतृत्व बक्सर विधान सभा की पूर्व प्रत्याशी तथा चर्चित नेत्री श्वेता पाठक ने किया। उन्होंने बताया कि डीएम ने उन्हें साकारात्मक जबाव दिए है। श्वेता ने बताया कि यदि निर्धारित समय के अंदर इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो महिलाएं उग्र आंदोलन करेंगी। भूख हड़ताल भी किया जाएगा। उन्होंने कहां कि अब महिलाएं चुप नहीं बैठेंगी तथा इटाढ़ी प्रखंड के प्रत्येक गांव मे मुलभूत सुविधाओं की बहाली तक आंदोलन की राह पर अड़ी रहेंगी।

**मांग पत्र में शामिल है मुख्य रूप से तीन बातें:** जिन समस्याओं को लेकर महिलाओं ने रैली निकाल डीएम को ज्ञापन सौंपा है उनमें सबसे प्रमुख हर घर नल योजना की विफलता तथा इस कारण ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी शुरू होते ही बढ़ रही पेयजल की किल्लत है। महिलाओं ने अपने मांग पत्र में बताया है कि इटाढ़ी प्रखंड के एक बड़े हिस्से में हर घर नल योजना पूरी तरह से विफल है तथा ग्रामीणों को पेयजल के लिए सार्वजनिक नलकों पर निर्भर होना पड़ रहा है। यह स्थिति महिलाओं के लिए शर्मसार करने वाली है। महिलाओं ने हर घर नल को धरातल पर सही तरीके से संचालित करने की मांग की है। इसके अलावे महिलाओं ने बताया है कि गांवों में आज भी शौचालय के अभाव में महिलाएं तथा बच्चियां खुले में शौच करने को बाध्य हो रही है। अक्सर शौच के लिए निकली महिलाओं के साथ बदसलूकी तथा अन्य जघन्य अपराध की घटनाएं सामने आ रही है। महिलाओं ने शौचालय निर्माण का सर्वे करा छूटे घरों में भी तत्काल शौचालय का निर्माण कराने की मांग की। उनकी तीसरी प्रमुख मांगो में बिजली विपत्र में त्रुटि तथा इस कारण गरीब परिवारों को अंधेरे में जीने की विवशता से राहत दिलाना था। महिलाओं ने बताया कि बिजली बिल में भार पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है तथा बढ़ा हुए बिल को जबरन वसूला जा रहा है। जिस कारण कई परिवार नेट और जेट के इस युग में भी अंधेरे में जीवन यापन को बाध्य हो रहे है। महिलाओं ने बिजली विपत्रों में गड़बड़ी को दूर कराने की मांग भी डीएम से की है।

**रैली में शामिल हुई सैकड़ों महिलाएं:** इस रैली में सैकड़ो महिलाएं शामिल हुई तथा नारे लगाते चल रही थीं। रैली में शामिल महिलाओं में सुमिता देवी, लालसा देवी, तारा देवी, संजू देवी, विवेक पाठक, धनलाल कोइरी, केदार चौहान, फागू पाठक, झामलाल गोड़, प्रमोद गुप्ता, लाल देव राम, धनजी राम, केदार राम आदि थे।

## खबरें फटाफट

### गौशाला में अगलगी से दो मवेशी झुलसे एक की मौत

**राजपुर।** राजपुर प्रखंड के बसही गांव निवासी उमेश चौबे के गौशाला में शुक्रवार को अहले सुबह बिजली के शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आगलगी की इस घटना में गौशाला में बंधी एक गाय की मौत हो गई। वही दूसरी गाय बुरी तरह झुलस गई है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार सिंह ने इसकी जानकारी राजपुर अंचलाधिकारी को दी तथा उचित मुआवजे की मांग की है।

### मंदिर से 30 किलो वजनी घंटा चोरी

**राजपुर।** कटरिया महदेवा शिव मंदिर और काली मंदिर से चोरों ने गुरुवार की रात्रि करीब 30 किलो वजन के घंटा की चोरी कर ली। इस संबंध में जानकारी देते हुए शिव मंदिर के पुजारी लक्ष्मण पांडे ने बताया कि चोरों द्वारा मंदिर परिसर से दान पेटी घंटा तथा मंदिर परिसर में रखे झाल की चोरी कर ली गई है। घटना की सूचना मिलते ही गांव ग्रामीण रामजी सिंह, सरोज पांडे, मनोज पांडे, प्रवीण यादव, चंदन साह सहित कई अन्य मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने राजपुर पुलिस को इसकी सूचना दी।

### तिलक में आए युवक की बाइक चोरी

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के लेवाड़ गांव में एक तिलक समारोह में शामिल होने आए एक व्यक्ति की बाइक अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है। पीड़ित द्वारा स्थानीय कृष्णाब्रह्म थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सिमरी थाना क्षेत्र के नियाजीपुर अभिलाख के डेरा गांव निवासी कामता यादव अपनी बाइक पर सवार होकर लेवाड़ गांव में एक तिलक में शामिल होने आए थे।

## डीपीओ ने सभी बीईओ को पत्र जारी कर एक सप्ताह में अप्रशिक्षित शिक्षकों को हटाने का दिया निर्देश

# 19 अक्टूबर 2022 से पहले डीपीई उतीर्ण नहीं करने वाले शिक्षकों की सेवा हो जाएगी समाप्त

- स्थापना डीपीओ ने दी चेतावनी, एक सप्ताह के अंदर आदेश का पालन नहीं करने वाले बीईओ पर की जाएगी सख्त कार्रवाई
- राज्य सरकार व हाई कोर्ट के निर्देश पर अप्रशितिक्षत शिक्षकों को हटाया जाएगा

**केटी न्यूज/बक्सर**

19 अक्टूबर 2022 के पहले इग्नू द्वारा आयोजित दो वर्षीय प्रशिक्षण ( डीपीई ) उर्तीण नहीं करने वाले शिक्षकों की सेवा समाप्त की जाएगी। स्थापना डीपीओ शारिक अशरफ ने इस आशय का पत्र सभी प्रखंडों के बीईओ को जारी कर उन्हें एक सप्ताह में अप्रशिक्षित शिक्षकों को हटाने का निर्देश दिया है। इस निर्देश के बाद अप्रशिक्षित शिक्षकों में हड़कंप मच गया है। वहीं बीईओ अब वैसे शिक्षकों की सूची बनाने में जुट गए हैं जो निर्धारित तिथि तक प्रशिक्षण पूरा नहीं कर सके हैं। हालांकि पिछले महीने में भी डीपीओ ने एक ऐसा ही पत्र निर्गत किया था। जिसमें अप्रशितिक्षत शिक्षकों को एक सप्ताह में हटाने का निर्देश दिया गया था।

मिली जानकारी के अनुसार 13 जनवरी को जिले के सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को



पत्र प्रेषित किया था। लेकिन तब किसी भी बीईओ द्वारा इसका अनुपालन नहीं कराया गया। एक बार फिर से डीपीओ ने यह पत्र निर्गत किया है। इस संबंध में डीपीओ शारिक अहमद ने बताया कि इस बार एक सप्ताह के अंदर इस आदेश का पालन नहीं करने वाले बीईओ पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार व हाई कोर्ट के निर्देश पर ऐसा किया जा रहा है। बता दें कि हाई कोर्ट में अताउर रहमान एवं अन्य बनाम राज्य सरकार मामले में कोर्ट द्वारा पारित आदेश के अनुपालन के मद्देनजर यह आदेश दिया गया जिसमें यह बताया गया है कि जिन शिक्षकों ने 19 अक्टूबर तक प्रशिक्षण नहीं प्राप्त किया है। उन्हें सेवा मुक्त कर देना ह। लेकिन ऐसे शिक्षक जो प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं किंतु न्यायालय में याचिका विचाराधीन रहने के कारण अवधि में सेवा मुक्त कर दिए गए हैं उनकी पुनर्नियुक्ति की जाएगी तथा उन्हें प्रशिक्षण की परीक्षा उत्तीर्ण होने की तिथि से नियुक्त माना जाएगा।

### पांच जनवरी को ही शिक्षा विभाग ने जारी किया था पत्र

बता दें कि हाई कोर्ट के निर्देश के बाद शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव ने पांच जनवरी को ही पत्र निर्गत कर अप्रशिक्षित शिक्षकों को तत्काल हटाने का निर्देश सभी डीईओ को दिया था। इस पत्र के निर्गत होने के बाद शिक्षा विभाग उसके अनुपालन में जुट गया है। बक्सर डीईओ के निर्देश के बाद ही स्थापना डीपीओ द्वारा ऐसा पत्र निर्गत किया गया है। अब देखना है कि दुबारा पत्र निर्गत होने के बाद अप्रशिक्षित शिक्षकों को चयनमुक्त करने के लिए बीईओ तथा नियोजन ईकाइयों द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे है। वैसे जानकारों की मानें तो नियोजन ईकाइयां इस विभागीय निर्देश पर कुंडली मारे बैठी है। वही डीपीओ ने कहा है कि अप्रशिक्षित शिक्षकों को शीघ्र सेवामुक्त कर उनके वेतन के अतिरिक्त बोझ को कम किया जाएगा। जानकारों की मानें तो जिले के विभिन्न प्रखंडों में दर्जन अप्रशिक्षित शिक्षक कार्यरत है। जिनकी नौकरी पर तलवार लटक गई है।

### 28 से 2 मार्च तक होगी दिव्यांग दक्ष प्रतियोगिता

जिला स्तरीय दिव्यांग दक्ष वार्षिक प्रतियोगिता में शामिल होकर अपनी प्रतिभा से परिचय कराने का सपना संजोये छात्रों के लिए अच्छी खबर है। जल्द ही उनका यह सपना पूरा होनेवाला है क्योंकि इसके आयोजन को लेकर तिथि की घोषणा कर दी गई है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि अष्टम, नवम वर्ग परीक्षा एवं जिला स्तरीय दिव्यांगजन दक्ष प्रतियोगिता को देखते हुए 28 फरवरी से 2 मार्च तक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी को हॉकी एवं 1 मार्च से 2 मार्च तक एथलेटिकस, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, योगा इत्यादि एमपी हाई स्कूल बक्सर में आयोजित किया जाएगा। वहीं 28 फरवरी से 1 मार्च तक वुशु, कराटे, जुडो, ताइक्वांडो, कुश्ती इत्यादि कला भवन बक्सर में आयोजित किया जाएगा। 28 फरवरी को बैडमिंटन (इंडोर हॉल) में आयोजित किया जाएगा। 28 फरवरी से 1 मार्च तक फुटबॉल एवं 2 मार्च को क्रिकेट किला मैदान बक्सर में आयोजित किया जाएगा एवं 1 मार्च को भारोत्तोलन नगर भवन जिम बक्सर में आयोजित किया जाएगा।

## सांसद खेल महाकुंभ में युवाओं ने दौड़ में दिखाया अपना जौहर



**केटी न्यूज/बक्सर**

सांसद खेल महाकुंभ के तहत शुक्रवार को आईटीआई के खेल मैदान में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रतिभागियों ने अपना जौहर दिखाए। प्रतियोगिता में चयनित धावकों को प्रमाण पत्र दिया गया है। इस दौड़ प्रतियोगिता में बक्सर संसदीय क्षेत्र के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों से प्रतिभागी युवक एवं युवतियों ने 400 मीटर, 800 मीटर, 200 तथा 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। जानकारी के अनुसार अंडर-19 गर्ल्स 400 मीटर में प्रथम स्थान सहिना खातून, प्रीति कुमारी रामगढ़ दूसरे व राजपुर विधानसभा की अनु कुमारी तीसरे स्थान पर रही। जबकि पुरूष 800 मीटर में प्रथम साजन कुमार ब्रह्मपुर, भोलू कुमार ठाकुर ब्रह्मपुर दूसरे, कृष्ण कुमार रामगढ़ तीसरे स्थान पर रहे। इसी श्रेणी के गर्ल्स 800 मीटर में निशा कुमारी रामगढ़, उषा कुमारी राजपुर, शिवानी कुमारी रामगढ़ क्रमश प्रथम, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। अंडर 14 पुरूष 800 मीटर में अजित मल्लाह प्रथम, बक्सर अमिश पासवान दूसरे, दीपक कुमार तीसरे स्थान पर रहे। दोनों खिलाड़ी राजपुर विधानसभा के थे। इस श्रेणी के अंडर 14 में गर्ल्स में रामगढ़ के राजकुमारी, बक्सर सुप्रिया कुमारी, रामगढ़ के अंकिता कुमारी अव्वल रहे। अंडर 14 पुरूष 400 में दिनारा के रौशन, बक्सर के अजित मल्लाह, दीपक कुमार रामगढ़ तथा इसी श्रेणी के गर्ल्स में अंकिता कुमारी, राजकुमारी, निशा कुमारी सभी रामगढ़ विधानसभा की अव्वल रहे।

## चौगाई और मुरार में एक सप्ताह से ठप है रजिस्ट्री, लोग परेशान

**केटी न्यूज/चौगाई**

स्थानीय प्रखंड के मुरार और चौगाईं डाकघर में एक सप्ताह से रजिस्ट्री पत्र भेजने का काम ठप है। जिसके कारण लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। हालत यह है कि जरूरी रजिस्ट्री पत्र भेजने के लिए लोगों को पांच किलोमीटर दूर कोरानसराय की दौड़ लगानी पड़ रही है। वही जानकारों की मानें तो चौगाईं डाकघर में रजिस्ट्री पत्र महीना में एक सप्ताह भी सुचारू रूप से नहीं की जाती है। वही मुन्ना सिंह ने कहा कि चौगाईं डाकघर में रजिस्ट्री पत्र भेजने के लिए जब भी जाते है तो बताया जाता है कि मशीन खराब है। ऐसा लगता है कि महीना में दो चार दिन ही रजिस्ट्री पत्र भेजने की मशीन चल पाती है। जिससे यहां के ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामाना करना पड़ा रहा है।

बताते चलें कि चौगाईं प्रखंड के पांच पंचायतों में डाक घर संचालित हैं। लेकिन चौगाईं और मुरार डाकघरों में स्पीड पोस्ट तथा साधारण रजिस्ट्री पत्र भेजने की व्यवस्था लगतार ठप रहता है। जिसके कारण लोगों को उप डाकघर कोरानसराय में जाना पड़ता है। जिसके कारण लोगों का समय व पैसा दोनों ज्यादा खर्च हो रहा तथा परेशानी अलग हो रही है। दोनों डाकघरों में रजिस्ट्री भेजने की व्यवस्था बंद होने के कारण लोग परेशान हैं।

## बाइक व पिकअप की टक्कर में एक की मौत, दो जख्मी

- चौसा मोहिनया मुख्य मार्ग पर रोहिनीभान गांव के पास घटना
- मृतक व जख्मी कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के बघिनी गांव के रहने वाले

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर क्षेत्र के चौसा मोहनिया मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की शाम रोहिनीभान गांव के समीप तेज रफ्तार पिकअप ने एक बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार तीन लोग जख्मी हो गए। जिसमें इलाज के दौरान 24 वर्षीय हरिनारायण उर्फ बुच्चा पाल की मौत हो गयी है। जबकि दूसरे घायल बबन पांडेय की हालत अभी भी नाजुक बताई जा रही है। जबकि



तीसरे जख्मी उदयनारायण की हालत स्थिर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार तीनों एक ही बाइक पर सवार हो मोहनिया की तरफ जा रहे थे। सभी कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के बघिनी गांव के रहने वाले है। रोहिनीभान गांव के पास विपरित दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जोरदार था कि सभी घायल होकर बुरी तरह से रोड पर गिर पड़े। दुर्घटना के बाद घटना स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया था। तीनों खून से लथपथ हो बीच सड़क पर छटपटा रहे थे। जिस कारण कुछ देर के लिए इस पथ पर वाहनों का परिचालन थम गया था। जबकि पिकअप चालक दुर्घटना के बाद तेज गति के साथ गाड़ी लेकर भागने में सफल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को इलाज के लिए किसी निजी गाड़ी के सहारे तत्काल चौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से बेहतर इलाज के लिए इन सभी को रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल बक्सर पहुंचते ही हरिनारायण उर्फ बुच्चा पाल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही एसआई वीरेंद्र साहनी के साथ पुलिस बल के जवान घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दिए हैं। राजपुर थानाध्यक्ष युसुफ अंसारी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पिकअप चालक की पहचान की जा रही है।

## एक नजर

### बाइक की आमने-सामने टक्कर में युवक जख्मी, डॉक्टरों ने किया रेफर

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एनएच 120 मुख्य सड़क पर बाइक की आमने-सामने की टक्कर से एक युवक जख्मी हो गया है। आनन-फानन में जख्मी युवक को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। जख्मी की पहचान कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के बड़का ढकाइच गांव निवासी लक्ष्मण दुबे के रूप में हुई है। इस मामले में पीड़ित ने अज्ञात बाइक चालक पर डुमरांव थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी है। घटना को लेकर बताया जाता है कि युवक बाइक से जा रहा था। इसी दौरान गैस गोदाम के समीप विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक अज्ञात बाइक ने युवक के बाइक में टक्कर मार दी और घटनास्थल से फरार हो गया। इस हादसे में युवक जख्मी हो गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। राहगीरों की मदद से युवक को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया।

### नावानगर में धावा दल ने बालश्रमिकों को मुक्त कराने के लिए दर्जनों दुकानों में की छापेमारी

**नावानगर।** धावा दल की टीम ने शुक्रवार को नावानगर के स्थानीय बाजार की दुकानों पर बालश्रमिकों को मुक्त कराने के उदेश्य से छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने बारी बारी से कई दुकानों का निरीक्षण किया। लेकिन किसी भी दुकान पर बाल श्रमिक नजर नहीं आए। टीम का नेतृत्व कर रहे श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अमरनाथ ने सभी दुकानों पर पहुंचकर काम कर रहे 18 वर्ष से कम आयु के किशोरों को चिन्हित कर रहे थे। हालांकि किसी भी दुकान में श्रम करते किशोर श्रम प्रवर्तन टीम ने नहीं देखा। इधर बाल श्रम की जांच को लेकर नावानगर के ऑटोमोबाइल, मिष्ठान दुकान से लेकर अन्य दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ था। इस संबंध में नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी द्वारा बाल श्रम की नावानगर बाजार में जांच किया।

### रिटायर्ड शिक्षक सिद्धनाथ सिंह का निधन, शिक्षाविदों में शोक की लहर

**केसठ।** जिले के जाने माने शिक्षक सिद्धनाथ सिंह का गुरुवार प्रातः 3 बजे पटना के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे अपने जीवन का 82 वसंत पार कर चुके थे। उनका जन्म सन-1940 में जिले के केसठ प्रखंड के महादेवगंज गांव में हुआ था। ये सन 2000 में कोरान सराय मध्य विद्यालय से सेवानिवृत हुए थे तथा वर्तमान में बक्सर शहर के नेहरू नगर में रहते थे। ये अपने पीछे पुत्र योगेंद्र सिंह, बड़ी पोती अंशु कुमारी, पोता आदर्श कुमार समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन की खबर मिलते ही शिक्षाविदो, समाजसेवियों में शोक की लहर दौड़ गई। शोक व्यक्त करने वालों में डुमरांव महाराज चंद्रविजय सिंह, युवराज शिवांग विजय सिंह, रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन एके सिंह, राजनारायण सिंह (दहिवर), गीतकार पंकज बासुधरी, अरुण सिंह, मटरू बाबा, भैरव कुंवर, निर्मल सिंह कुशवाहा, शिक्षक नेता कृष्णकांत मिश्र, हीरालाल पांडेय और अन्य शामिल है। अंतिम यात्रा 25 फरवरी शनिवार प्रातः 8 बजे नेहरू नगर से मुक्तिधाम, चरित्रवन को प्रस्थान करेगी।

## खरमास के पहले का अंतिम मुंडन संस्कार के कारण अधिक थी भीड़, शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर थी रोक

# मुंडन संस्कार को रामरेखा घाट पर उमड़ी भीड़, पूरे दिन गुलजार रहा बक्सर

**केटी न्यूज/बक्सर**

इस लग्न के सीजन का अंतिम मुंडन संस्कार शुक्रवार को संपन्न हुआ। हजारों परिवारों ने बक्सर के चर्चित रामरेखा घाट पर अपने बच्चों का मुंडन परंपरागत तरीके से करवाया। बता दें कि जीवन के 16 संस्कारों में मुंडन संस्कार भी शामिल होता है। परंपरा के अनुसार विधि विधान से मां गंगा की पूजा कर मुंडन करवाने वाले बच्चों का बाल काट उसे मां गंगा को चढ़ाया गया। इस दौरान पूरे दिन रामरेखा घाट पर श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी रही। बताया जाता है कि इसके बाद अब खरमास शुरू हो जाएगा। अगला मुंडन संस्कार 3 मई को ही होगा। इस कारण भी इस बार भीड़ अधिक थी।



अहले सुबह से विभिन्न प्रखंडों से मुंडन कराने आने वालों का तांता शुरू हो गया था। हालांकि बक्सर एसडीओ द्वारा जारी किए गए धार्मिक कैलेंडर के नियमों के मुताबिक शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया था। वैसे कुछ वाहन चालक इसे तोड़ किला मैदान तक अपना वाहन लेकर चले गए थे। जिस कारण रामरेखा घाट पर पूरे दिन अव्यवस्था थी तथा लोग अपने सगे संबंधियों को खोजने के लिए आपाधापी मचाते रहे। बक्सर के साथ ही सिमरी प्रखंड के केशोपुर तथा बेयासी घाटों पर भी मुंडन संस्कार के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान बक्सर के घाटों पर प्रशासन के साथ ही प्रशिशित गोताखोर तैनात किए गए थे।

**रामरेखा घाट पर मुंडन कराने की है मान्यता:** वैसे तो मुंडन संस्कार जीवन के 16 संस्कारों में शामिल है। लेकिन बक्सर के रामरेखा घाट पर मुंडन कराने की मान्यता सबसे अधिक है। इस जगह पर गंगा उतरायणी होकर बहती है। कहां जाता है कि यहां मुंडन कराने से बच्चें दीघार्यु होते है। यही कारण है कि रामरेखा घाट पर मुंडन कराने वालों की सबसे अधिक भीड़ लगी रहती है।

**मनमानी कर रहे थे नाविक:** मुंडन संस्कार के दौरान नाव पर बैठ गंगा के दूसरे पार जाने तथा पूजा कर फिर वापस आने की एक परंपरा भी है। इस परंपरा के निर्वहन के दौरान नाविकों द्वारा मुंडन कराने वाले परिवारों का खूब दोहन किया जा रहा था। नाविक मनमाना भाड़ा वसूल रहे थे। वही लोग उन्हें अधिक पैसा देने को भी मजबूर हो रहे थे। इस दौरान नाविकों द्वारा नियमों को ताक पर रख क्षमता से बहुत अधिक लोगों को भी नावों पर बैठाया जा रहा था। जिससे हादसें की आशंका बनी हुई थी। बता दें कि नावों के ओवरलोड परिचालन के कारण कई बार हादसा हो चुका है। बावजूद नाविक ऐसा करने से बाज नहीं आ रहे है। जिस कारण लोगों की जिंदगी दांव पर लग रही है।

सुविचार


भागवत गीता

व्यक्ति जो चाहे वो बन सकता है, यदि वह विश्वास के साथ इच्छित वस्तु पर चिंतन करे।

बड़ी खबर बलिया में अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान

केशव टाइम्स
बक्सर, 25 फरवरी 2023



website : keshavtimes.com
e-mail : keshavtimes1@gmail.com



## खबरें फटाफट

### घर से शौच करने गए युवक की नहर में डूबने से मौत

**गाजीपुर।** मरदह थाना क्षेत्र के महेंगवा गांव के पास शौच करने गए एक युवक की नहर में डूबने से मौत हो गई। बिरनो थाना क्षेत्र के भड़सर गांवसभा के राजापुर गांव निवासी किशुन राम का छोटा पुत्र अभिषेक उम्र 20 वर्ष अपने दोस्त संजू राजभर के साथ अपने दुकान के लिए मोबाइल संबंधित सामान लाने के लिए मऊ गया था। वापसी के दौरान महेगवा गांव के नहर पुलिया के पास रुक कर अपने दोस्त को सामान सहित बाइक के पास खड़ा रहने के लिए बोलकर शौच के लिए नहर के पास चला गया। काफी देर इंतजार करने के बाद वह नहीं लौटा तो उसके मित्र संजू राजभर ने देखा कि अभिषेक शौच कर नहीं आया तो वह नहर के पास जाकर देखा कि औंधे मुंह अभिषेक पानी में लुढ़का हुआ है। जिसे देखकर वह शोर मचाने लगा। घटना को सुनकर मौके पर सैकड़ों ग्रामीण जुट गए। खबर पाकर परिजन घटना स्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची मरदह पुलिस ने युवक को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया । मृतक की डेढ़ वर्ष पूर्व में प्रियंका देवी से शादी हुई थी।

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**गाजीपुर।** गहमर कोतवाली अंतर्गत भदौरा यूनियन बैंक तिराहे से एक युवक को अवैध चाकू के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि उपनिरीक्षक अश्वनी प्रताप सिंह पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र भ्रमण कर रहे थे कि सूचना मिली कि एक युवक अवैध चाकू लेकर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। वह भदौरा यूनियन बैंक तिराहे के पास मौजूद है। पुलिस ने बिना समय गवाएं उक्त युवक को पकड़ कर उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। इस संबंध में कोतवाल पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि उक्त युवक मुकदमा पंजीकृत कर कारवाई की जा रही है।

# परीक्षा केंद्रों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, नकल विहीन परीक्षा का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन संपन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इंटरमीडिएट की अंग्रेजी की परीक्षा में निरीक्षण के लिए मॉ0 बेहफइया राष्ट्रीय इंटर कालेज नसरतपुर बरही एवं शान्ति निकेतन इंटर कालेज बरही गाजीपुर परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया।



उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं कक्ष निरीक्षकों को नकल विहीन परीक्षा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कहीं से नकल की सूचना होने पर आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों का जायजा लेने के दौरान कहा कि जिले में प्रत्येक दशा में नकल विहीन परीक्षा कराई जाएगी, यदि इसमें किसी भी व्यक्ति द्वारा अवरोध उत्पन्न करने की कोशिश करते पाया गया, तो उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी तथा जिन परीक्षा केन्द्रों पर नकल कराते पाया गया, तो संबन्धित परीक्षा केंद्रों को ब्लैक लिस्टेट किया जाएगा। उन्होंने सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट/केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों के अन्दर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। इसका पूर्णतः ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के आस-पास स्थित कम्प्यूटर, फोटो कापी की दुकानें भी बन्द रखी जाएं, इसका पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने उक्त विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरा कक्ष तथा प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं के डबल लॉक को देखा, उन्होंने संबंधित प्रधानाचार्यो को निर्देश दिया कि परीक्षा को सुचितापूर्ण संपन्न कराना है। इसे देखते हुए सीसीटीवी कैमरे पूर्णतया संचालित रहें। कहा कि बोर्ड परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा प्रत्येक विद्यालय में स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं।

### विश्वविद्यालय की परीक्षा में कई परीक्षार्थी अनुपस्थित

**गाजीपुर।** पीजी कॉलेज गाजीपुर में चल रही पूर्वांचल विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के क्रम में शुक्रवार को सुबह की पाली में स्नातक विधि, बीबीए, बीसीए प्रथम सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें सुबह की पाली में स्नातक विधि में पंजीकृत 306 में 252, बीबीए में पंजीकृत 58 में 57, बीसीए में पंजीकृत 261 में 215 स्नातकोत्तर हिंदी में 92 में 84, संस्कृत में सभी 18, अंग्रेजी में 66 में 61 परीक्षार्थी सहित कुल 801 पंजीकृत, 687 उपस्थित एवं कुल 114 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह सायंकाल की पाली में कुल 262 पंजीकृत, 248 उपस्थित एवं 14 अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थियों में स्नातक विधि पंचम सेमेस्टर मंथ 120 में 115 , बीबीए पंचम सेमेस्टर में सभी 30 स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर गणित में 57 में 51 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षाओं की सुचिता एवं पारदर्शिता को लेकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पांडेय ने बताया कि सूचिता एवं पारदर्शिता पूर्वक परीक्षा संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## बलिया में एससी कॉलेज से भृगु मंदिर तक का इलाका पुलिस छावनी में रहा तब्दील

# अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान, कई दुकान और मकान के अतिक्रमित हिस्से टूटे





**केटी न्यूज/बलिया**

नगरपालिका प्रशासन की ओर से शुक्रवार को शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इसके पहले गुरुवार को इसकी तैयारी बैठक सदर एसडीएम प्रशांत नायक की उपस्थिति में हुई। एनएच-31 के दोनों तरफ 40-40 फीट के अंदर पक्के व कच्चे अतिक्रमण का चिन्हांकन पूर्व में नपा कर्मियों ने कर लिया था। शुक्रवार को सुबह सात बजे से एससी कालेज, भृगु मंदिर व कदम चौराहा तक अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बुल्डोजर चलाया गया। इस दौरान भृगु मंदिर के सामने एक होटल व एक काप्लेक्स की सीढ़ी भी तोड़ी गई, दोनों की सीढ़ी 40 फीट के अंदर आ रही थी। अतिक्रमण हटाओ अभियान एसडीएम प्रशांत नायक व सीओ सिटी जितेन्द्र कुमार की देखरेख में चलाया गया।

बता दें कि पूरा शहर अतिक्रमण की जद में है। चाहे मकानस्वामी हो या दुकान स्वामी सबने अपने निर्धारित सीमा से चार या पांच फीट आगे बढ़ाकर पक्का सीढ़ी आदि बनाकर अतिक्रमण कर लिया है। जिससे सड़क पर खासकर एनएच–31 पर फुटपाथ नाम की कोई चीज ही नहीं बची थी। जिससे आए दिन शहर में जाम भी लग जाता है और घंटों शहरवासियों को जाम के झाम से कराहना पड़ता है। ऐसे में बीते गुरुवार को इसको लेकर नगर पालिका के अधिकारी तथा तहसील प्रशासन के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से बैठककर अतिक्रमण को जड़ से खत्म करने की योजना बनाई। इसके बाद शुक्रवार की सुबह से ही बुल्डोजर गरजना शुरू हुआ,एससी कालेज, भृगु मंदिर व कदम चौराहा तक अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बुल्डोजर चलाया गया।

### सवाल पूछे जाने पर पत्रकार को ही धमकाने लगे गन व्यापारी की आत्महत्या मामले के आरोपी के समर्थक

शहर के भृगु मंदिर के पास एक होटल तथा कंप्लेक्स के आगे बनी सीढ़ी को जब तोड़ा जा रहा था। ठीक उसी वक्त एक पत्रकार उसका कवरेज कर रहा थे, दरअसल जिस होटल व कंप्लेक्स के आगे की सीढ़ी तोड़ी जा रही थी, उसके मालिक गन व्यापारी नंदलाल गुप्ता की आत्महत्या के मामले में नामजद आरोपी है। ऐसे में पत्रकार ने जब आम जनता से सवाल पूछा कि आरोपियों के घर बुल्डोजर नहीं चला सिर्फ अतिक्रमण हटा। इस पर आरोपियों के समर्थक तिलमिला गए और पत्रकार को धमकाने लगे और मारने-पीटने तक की धमकी दे डाली। इतना ही नहीं गन व्यापारी स्व. नंदलाल गुप्ता को भी उल्टा-सीधा कहा। इस दौरान मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने कहा कि उनके समर्थन में पत्रकार के साथ अभद्रता करने वाले भी कहीं ना कहीं व्यापारी नंदलाल गुप्ता की आत्महत्या के मामले में संल्पित है। तभी उन्हें मिर्ची लग रही है।

इस दौरान भृगु मंदिर के सामने एक होटल व एक काप्लेक्स की सीढ़ी भी तोड़ी गई, दोनों की सीढ़ी 40 फीट के अंदर आ रही थी। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स भी तैनात रही। सीओ सिटी व शहर कोतवाल खुद मोर्चा संभाले हुए थे।

## एक नजर

### 27 को होनेवाले ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे कार्यक्रम को सफल बनाने की बनी रणनीति



**गाजीपुर।** नागा बाबा हनुमान मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी के मुहम्मदाबाद नगर व देहात मंडल के पदाधिकारियों व वरिष्ठ कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। जिसमें चितबड़ागांव में 27 फरवरी को होने वाले ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे शिलान्यास कार्यक्रम में केंद्रीय परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी के आगमन पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की रणनीति बनाई गई। बैठक में बोलते हुए कार्यक्रम के संयोजक पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बनने वाला यह पहला ग्रीन फिल्ड है। जिससे पूरा बलिया लोकसभा क्षेत्र आच्छादित है। इसमें मुहम्मदाबाद और जहूराबाद विधान सभा क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में लोगों की उपस्थिति रहनी चाहिए। पूर्व मंडल अध्यक्ष रामजी गिरी ने आश्वस्त किया कि ग्रीन फिल्ड शिलान्यास कार्यक्रम में मुहम्मदाबाद नगर और देहात मंडल से सर्वाधिक संख्या में लोग पहुचेंगे। बैठक में ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष अवधेश राय, भावरकोल के प्रमुख प्रतिनिधि आनन्द राय, सुनील सिंह, पीयूष राय, प्रमोद राय, मनोज राय, बिपूलेन्द्र प्रताप सिंह, दिनेश वर्मा, संदीप उर्फ दीपू गुप्ता, तेजबहादुर यादव, जयप्रकाश गुप्ता ,अश्विनी कुमार राय, मनीष जायसवाल, प्यारे मोहन यादव आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता ओपी गिरी व संचालन रामजी गिरी ने किया।

### मऊ में किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन, किसानों को बांटे गए बीज

**मऊ।** कृषि की नवीनतम तकनीकों को किसानों के द्वार तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत किसान मेला एवं कृषि




उद्योग प्रदर्शनी तथा कृषि संगोष्ठी का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र, पिलखी पर किया गया। इसमें मुख्य अतिथि डॉ डॉक्टर विजेंद्र सिंह, कुलपति, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या, विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ता थे। मेले की अध्यक्षता निदेशक प्रसार कृषि विश्वविद्यालय, अयोध्या ने किया। मेले में विभिन्न कंपनियों के 15 से ज्यादा स्टाल लगाए गए थे। जनपद के कुल 800 से अधिक किसानों ने इसमें प्रतिभाग किया। कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह ने अपने अभिभाषण में कृषि को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए केंद्र पर चल रहे विभिन्न परियोजना जैसे डीएसआर तकनीक, प्राकृतिक खेती, सीआरएम, सीएफएलडी योजनाओं की तारीफ की। उन्होंने केंद्र को राष्ट्रीय स्तर का एक शोध संस्थान बताया। जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ता ने किसानों को नई तकनीकों से जुड़ने के लिए तथा सरकार द्वारा कृषि पर अधिक ध्यान देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुहार लगाई। निदेशक प्रसार प्रोफेसर एपी राव ने बत्तख पालन के साथ मछली पालन का जीवंत प्रदर्शन देखकर केंद्र के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ एल सी वर्मा ने केंद्र पर चल रहे बकरी पालन, कुकुट पालन, मधुमक्खी पालन, बत्तख पालन, मछली पालन, मशरूम उत्पादन, वर्मी कंपोस्ट आदि पर प्रकाश डाला। मेले का मुख्य आकर्षण दलहनी, तिलहनी एवं सब्जियों का बीज था। किसानों को मौसमी सब्जियों का बीज तथा मूंग का बीज निशुल्क वितरित किया गया। मेले में कृषि विभाग, इफको, मत्स्य विभाग, बीज विज्ञान संस्थान, कृषि विज्ञान केंद्र देवरिया, कृषि विज्ञान केंद्र बलिया, केवीके गाजीपुर, केवीके आजमगढ़, केवीके मऊ, एपीओ, मीना शुक्ला द्वारा स्टाल लगाया गया।

### माता-पिता, रिश्तेदारों, पड़ोसियों और यात्रियों के प्रति दयालु होना महान पूजा: मुफ्ती कासमी

**मनियर बलिया।** मदरसा अरबिया बहरुल उलूम नजीरिया मनियर में 28वीं दस्तरबंदी सभा का आयोजन किया गया। मौलाना हाफिज अब्दुल है मिफ्ताही, नजीम-ए-अला व जमीयत उलेमा ईस्ट जोन, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ने कहा कि सबसे अच्छा व्यक्ति वह आदमी है जो कुरान को सीखते और पढ़ाते हैं। अपने संबोधन में इमारत शरिया पटना के काजी के मुफ्ती काजी वसी अहमद कासमी ने श्रोताओं से इस्लामिक सिद्धांतों का पूरी तरह से पालन करने का आह्वान किया। विशेष मुफ्ती मुहम्मद मुसतकीम कासमी ने भी संबोधित किया और कहा कि माता-पिता, रिश्तेदारों, पड़ोसियों और यात्रियों के प्रति दयालु होना एक महान पूजा है। अंत में, उन्होंने उन छात्रों के माता-पिता को बधाई दी जिन्होंने कुरान को पूरा किया। प्रिंसिपल मौलाना अब्दुल्ला अदनान कासमी ने स्वागत भाषण दिया ।उन्होंने कहा कि 40 छात्रों का दस्तार समारोह था। बैठक का समापन मुफ्ती मुहम्मद मुसतकीम कासमी की दुआ के साथ हुआ। मौलाना अब्दुल्ला अदनान कासमी ने समारोह का संचालन किया। मौलाना कमाल अख्तर खैराबादी, मुफ्ती अब्दुल कादिर कासमी, कारी मकसूद आलम, हाजी गुल मुहम्मद , असगर अली, हाजी सईद अहमद, मुहम्मद अबुजर, हाजी साबिर अली आदि मौजूद थे। इसके अतिरिक्त गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखने के लिए हिंदू वर्ग से भी पूर्व विधायक भगवान पाठक, मनियर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन ब्रह्म शक्ति कुमार सिंह उर्फ संजय सिंह, युवा संगठन के अध्यक्ष गोपाल जी, संकल्प सिंह , निवर्तमान सभासद अमरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व सभासद दीपक सिंह सहित आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### चोरों ने आठ लाख के आभूषण व 45 हजार नकदी पर किया हाथ साफ

**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र के चित्तू पांडेय चौराहा कटहल नाला पुल के पास एक मकान से बीती रात चोरों ने आठ लाख रूपए के सोने चांदी के गहने तथा 45 हजार रूपए नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई है। घटना की तहरीर शहर कोतवाली में दे दी गई है। कौशल कुमार का पूरा परिवार खाना खाने के बाद ऊपर का कमरा बंद करके नीचे के कमरे में सोने के लिए चले गए। शुक्रवार की सुबह जब नींद खुली तो देखा कि ऊपर के कमरे में लाइट जल रही है। आनन-फानन में जाकर देखा कि ऊपर के कमरे का ताला टूटा हुआ है तथा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। पीडित कौशल कुमार की



मानें चोरों ने सोने का कंगन दो पीस, सोने का मंगटिका एक पीस, सोने का नथिया एक पीस, सोने की चेन दो, सोने की अंगूठी चार लेडिज व दो जेंस, सोने का झुमका एक पीस, सोने का सहरा दो पीस, सोने का मंगलसूत्र दो पीस, सोने की किल चार पीस के साथ 45 हजार रूपए नकदी पर चोरों ने हाथ साफ किया।

# शांति व्यवस्था के लिए जमानिया में किया गया रूट मार्च

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जमानिया तहसील में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपजिलाधिकारी भारत भार्गव एवं क्षेत्राधिकारी विधि भूषण मौर्य के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने स्टेशन बाजार, बरुईन मोड़ से लेकर मदनपुरा रोड तक रूट मार्च व पेट्रोलियम गश्त किया। ताकि लोग शांति व्यवस्था को बनाए रखें।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के दिशा निर्देश के निर्देश उपजिलाधिकारी भारत भार्गव के नेतृत्व में स्टेशन बाजार से लेकर बरुई मोड़ तक रूट मार्च निकाला गया। ताकि लोगों में कानून के प्रति भय एवं शांति व्यवस्था बनी रहे। इस



अवसर पर सीओ विधि भूषण मौर्य, दारोगा दिग्विजय कुमार तिवारी आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे। इस बावत उपजिलाधिकारी ने बताया कि कोतवाली पुलिस कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए रूट मार्च कर लोगों भय मुक्त रहने एवं अपराधियों को जनपद छोड़ने का संदेश दिया। इस दौरान लोगों की समस्याएं सुनी गई, ताकि आपस में जनता से सामंजस्य बना रहे। कोतवाली प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि नगर व क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए भ्रमण किया गया। ताकि शरारतीतत्वों में डर बना रहे।

## शिक्षानिति 2020 एवं निपुण भारत मिशन के अंतर्गत हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन

# बच्चों को पढ़ाने की जगह सीखने एवं सिखाने की जरूरत: शर्मा

**केटी न्यूज/मनियर बलिया**

ब्लाक संसाधन केन्द्र मनियर पर शिक्षानिति 2020 एवं निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत शुक्रवार को हामारा आंगन,हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ बेशिक शिक्षा अधिकारी मनीराम सिह व सीडीपीओ मनियर पुनम सिंह, ए बी एस ए पवन सिह ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्ण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथी बीएसए मनीराम सिंह को ब्लाक अध्यक्ष मनियर अजय कुमार




सिंह व वी ई ओ मनियर ने अगंवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अध्यापक विनोद कुमार यादव ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया कि रऊवां अईला से मनवा झुमेला हो ...... ए आर पी सुनील शर्मा ने निपुण भारत मिशन के महत्व से नौनिहालों पर प्रकाश डाला। कहा कि आज के बच्चों को पढ़ाने की जगह सीखने एवं सीखाने की जरूरत है। इस विधी से छात्र के बौद्धिक एवं मानसिक विकास होता है ।इसी प्रकार बच्चों को कक्षा में उनके गतिविधियों से अधारित शिक्षण ,पेयर लर्निगं ,प्ले बेस्ड लर्निग आदि की जानकारी उपस्थित अध्यापकों ,आगंनवाडी कार्यकत्रियों को दिया। ।इस मौके पर उपस्थित ग्राम प्रधान व सीएमसी अध्यक्ष को न्याय पंचायत स्तर पर प्रतिमाह होने वाले संयुक्त बैठक की जानकारी दी। मुख्य अतिथी बी एस ए मनीराम सिंह ने उपस्थित अध्यापकों, प्रधान व आगंनवाडी. कार्यकत्रियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत अब आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चो को बेंच पर बैठने की व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही है ताकि आज के बच्चे अब सीखने पढ़ने में व हर सुविधा से निपुण होकर आगे बढ़ सकें। वही वी ई ओ पवन सिंह ने सभी आगंतुकों को आभार प्रगट करते हुए कहा कि आज के बच्चों को सीखने एवं सीखाने की प्रक्रिया ज्यादे लाभान्वित हो रही है। इसे सीखकर आंगनवाडी. कार्यकत्री वच्चों का भविष्य संवार कर बेसिक में भेजने का काम करेंगी।

### 166 नमूनों की जांच में 32 मानक के विपरित

**बलिया।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग तरफ से 21 से 24 फरवरी तक नगर पालिका क्षेत्र सहित विभन्न तहसीलों में सचल खाद्य प्रयोगशाला वैन से निःशुल्क खाद्य पदार्थो की जांच की गयी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके राय ने बताया कि सचल खाद्य प्रयोगशाला वैन तहसील रसड़ा, सदर, बांसडीह एवं नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न चट्टी चौराहा जैसे शिवरामपुर, घोड़हरा, सलेमपुर, इंदरपुर, डेरवा बारी, गंगडी, धनगढी, पियरिया, चिलकहर आदि स्थानों पर कुल 49 प्रतिष्ठानों से 166 नमूने मौके पर ही जांच किए गए। इसमें 134 नमूने मानक के अनुरूप तथा 32 नमूने मानक के विपरीत पाए गए।